aglasem.com

FOR AP CLASS 10 EXAM PREPARATION

AP Class 10 2027 Model Paper · Hindi Second Language

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
AP Class 10	2027	Model Paper	Hindi Second Language

BLUE PRINT & MODEL PAPERS OF SSC PUBLIC EXAMINATIONS FOR THE ACADEMIC YEAR 2026-27

BY THE DIRECTOR OF GOVERNMENT EXAMINATIONS (SSC BOARD), A.P.

09H-हिंदी (द्वितीय भाषा)

HINDI (SECOND LANGUAGE)

Time : 3h.15 min. **Maximum Marks : 100**

(प्रश्न पत्र BLUE PRINT के अनुरूप होगा)

अध्यापकों के लिए विशेष सूचना :- **प्रश्न पत्र** और **प्रश्नों** की निर्मिती "**परख**" के नियमानुसार व निर्देश के अनुसार ही होगी। अतः अध्यापकों से निवेदन है कि वह ऐसे ही प्रश्नों का अभ्यास छात्रों से करवाएं।

प्रश्न संख्या	प्रश्नवार विश्लेषण	प्रश्नों की संख्या	अंक	कुल अंक
	भाग - I (अर्थ ग्राह्यता)			
1.	पठित गद्य भाग से एक अनुच्छेद दिया जाएगा। (अ,आ,इ,और ई) के प्रश्न होंगे। अनुच्छेद का पहला प्रश्न "अ" प्रश्न रूप में दिया जाएगा | छात्र को गद्यांश पढ़कर, प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा| "अ" प्रश्न केलिए 2 अंक प्रदान किये जायेंगे| "आ, इ, ई" के प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे| उनके लिए एक-एक अंक निर्धारित है|	1Q	5M	5M
2.	पठित पद्य भाग से एक पद्यांश दिया जाएगा। (अ,आ,इ,और ई) के प्रश्न होंगे। पद्यांश का पहला प्रश्न "अ" प्रश्न रूप में दिया जाएगा| छात्र को पद्यांश पढ़कर प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा| "अ" प्रश्न केलिए 2 अंक प्रदान किये जायेंगे| "आ, इ, ई" के प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे| उन के लिए एक-एक अंक निर्धारित है|	1Q	5M	5M
3.	उपवाचक से एक अनुच्छेद दिया जाएगा। (अ,आ,इ,और ई) के प्रश्न होंगे। अनुच्छेद का पहला प्रश्न "अ"	1Q	5M	5M

	प्रश्न रूप में दिया जाएगा| छात्र को गद्यांश पढ़कर प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा| "अ" प्रश्न केलिए 2 अंक प्रदान किये जायेंगे| "आ, इ, ई" के प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे| उनके लिए एक-एक अंक निर्धारित है| सूचना : यह अनुच्छेद- दो कलाकार तथा अनोखा उपाय पाठों से दिया जाएगा |			
4.	पाठ्यपुस्तक में कवि के जीवन परिचय से संबंधित प्रश्नों में से एक प्रश्न का उत्तर संकेतों के आधार पर लिखना होगा। एक प्रश्न प्राचीन कवि से तथा दूसरा प्रश्न आधुनिक कवि से संबंधित दिया जाएगा| ***सूचना** : छात्रों को सुमित्रानंदन पंत, दिनकर, आर.पी.निशंक, रहीम तथा बिहारी के जीवन परिचय पर विशेष ध्यान देना होगा |	1Q	5M	5M
5.	पाठ्य पुस्तक के लेखक के जीवन परिचय से एक प्रश्न दिया जाएगा। (अ,आ,इ,ई और उ) के प्रश्न होंगे। छात्रों को लेखक परिचय पढ़कर दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति करना होगा | एक प्रश्न केलिए एक अंक निर्धारित है |	1 Q	5M	5M
	भाग -|| (अर्थ ग्राह्यता)			
6.	अपठित पद्य भाग से एक पद्यांश दिया जाएगा। (अ,आ,इ,और ई) के प्रश्न होंगे। पद्यांश का पहला प्रश्न "अ" प्रश्न रूप में दिया जाएगा| छात्र को पद्यांश पढ़ कर प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा| "अ" प्रश्न केलिए 2 अंक प्रदान किये जायेंगे| "आ, इ, ई" के प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे| उनके लिए एक-एक अंक निर्धारित है|	1Q	5M	5M
7	एक अपठित गद्यांश दिया जाएगा ।अनुच्छेद का **'अ ' प्रश्न अनुच्छेद से संबंधित होगा** । छात्र को गद्यांश पढ़कर प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा ।'अ 'प्रश्न के लिए **दो** अंक प्रदान किए जाएंगे । **'आ'** प्रश्न **"वाक्य का सही क्रम"**	1 Q	5 M	5M

	अनुच्छेद से पहचानने के लिए दिया जाएगा । छात्रों को दिए गए वाक्य का सही क्रम विकल्पों में से पहचान कर लिखना होगा। **'इ'** प्रश्न अनुच्छेद से **एक वाक्य दिया जाएगा** । जिसका सही **' प्रश्न वाचक रूप "**छात्रों को विकल्पों में से पहचान कर लिखना होगा । **' ई'** प्रश्न में अनुच्छेद से संबंधित **" एक चिह्न"** दिया जाएगा छात्रों को सही चिह्न का नाम विकल्पों में से पहचान कर लिखना होगा। आ , इ, ई के प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे उनके लिए **एक-एक** अंक निर्धारित है।			
	भाग - II| (अभिव्यक्ति)			
8 अ,आ	पद्य भाग में से दो प्रश्न दिये जायेंगे। इनमें से एक प्रश्न का उत्तर चार वाक्यों में लिखना होगा। (**वार्षिक परीक्षा में दोहा अनिवार्य रूप से दिया जाएगा)**|	1Q	4M	4M
9 अ ,आ	गद्य भाग से दो प्रश्न दिये जायेंगे। इनमें से एक प्रश्न का उत्तर चार वाक्यों में लिखना होगा। **सूचना** : ये प्रश्न प्रथम छह पाठों से दिए जायेंगे|	1Q	4M	4M
10 अ ,आ	गद्य भाग से दो प्रश्न दिये जायेंगे। इनमें से एक प्रश्न का उत्तर चार वाक्यों में लिखना होगा। **सूचना** : ये प्रश्न अंतिम छह पाठों से दिए जायेंगे|	1Q	4M	4M
11 अ ,आ	उपवाचक से दो प्रश्न दिये जायेंगे। इनमें से एक प्रश्न का उत्तर चार वाक्यों में लिखना होगा। **सूचना** : ये प्रश्न शांति की राह में , अपने स्कूल को एक उपहार पाठों से दिए जायेंगे|	1Q	4M	4M
	भाग - |V (अभिव्यक्ति)			
12 अ ,आ	पद्य भाग से दो सारांशात्मक प्रश्न दिए जायेंगे| इनमें किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखना होगा| **विशेष सूचना : प्रश्न के अनुरूप संपूर्ण उत्तर लिखने पर ही पूर्ण अंक प्रदान किये जायेंगे |**	1Q	8M	8M

	सूचना : छात्रों को बरसते बादल, हम भारतवासी, भक्ति पद पाठों पर विशेष ध्यान देना होगा।			
13 अ ,आ	गद्य भाग से दो सारांशात्मक प्रश्न दिए जायेंगे। अ, आ के प्रश्न होंगे। इनमें किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखना होगा। **विशेष सूचना : प्रश्न के अनुरूप सही उत्तर लिखने पर ही पूर्ण अंक प्रदान किये जायेंगे ।** **सूचना** : छात्रों को ईदगाह ,लोकगीत, स्वराज्य की नींव,'धरती के सवाल अंतरिक्ष के जवाब पाठों पर विशेष ध्यान देना होगा	1Q	8M	8M
	भाग - V (सृजनात्मक अभिव्यक्ति)			
14 अ ,आ	एक औपचारिक और एक अनौपचारिक पत्र दिए जायेंगे। इनमें किसी एक पत्र को लिखना होगा। सूचना : औपचारिक पत्र के लिए तथ्य प्रदान किया जाएगा। तथ्य को आधार मानकर पत्र लिखना होगा।	1Q	6M	6M
15 अ ,आ .	दो निबंध दिए जायेंगे। किसी एक विषय पर निबंध '**केवल 6' वाक्यों में** लिखना होगा। पर्यावरण, और विज्ञान विषयो से संबंधित निबंध दिए जायेंगे। छात्रों को पर्यावरण विषय के अंतर्गत:- पर्यावरण -प्रदूषण,वृक्ष हमारे साथी ,वन संरक्षण , जल संरक्षण , वैश्विक ताप वृद्धि , सफाई और हरियाली । विज्ञान के अंतर्गत : दूरदर्शन , कृत्रिम उपग्रहों से लाभ,विज्ञान से लाभ और हानि, मोबाइल फ़ोन से लाभ और हानि, ,दैनिक जीवन में विज्ञान का महत्त्व, कृत्रिम बुद्धिमत्ता	1Q	6 M	6 M
16	" मेरे प्रिय हिंदी लेखक/कवि " विषय पर एक प्रश्न दिया जाएगा। पाठ्य पुस्तक के लेखक/कवि के बारे में प्रारूप के अनुरूप उत्तर लिखना होगा। केवल मीरा ,रैदास,काका कालेलकर ,विष्णु प्रभाकर में से किसी एक के बारे में लिखना होगा।	1Q	6M	6M

	भाग -V| (भाषा की बात)			
17 .	तत्सम, तद्भव - (निर्देश के अनुसार रेखांकित तत्सम शब्द के लिए तद्भव या तद्भव के लिए तत्सम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखना होगा|)	1Q	1M	1M
18.	क्रिया - (दिए गए विकल्पों में से क्रिया शब्द पहचानकर लिखना होगा) |	1Q	1M	1M
19 .	संख्या - (दिए गए विकल्पों से सही संख्या पहचान कर लिखना होगा)	1Q	1M	1M
20 .	कारक - (विकल्पों में सही कारक चिह्न पहचान कर लिखना होगा|)	1Q	1M	1M
21 .	पर्याय शब्द - (दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्याय विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा)	1Q	1M	1M
22 .	विलोम शब्द - (दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखना होगा)	1Q	1M	1M
23 .	समास - (निर्देश के अनुसार विकल्पों में से सही समास पहचानकर लिखना होगा)	1Q	1M	1M
24 .	संधि विच्छेद - (निर्देश के अनुसार विकल्पों में से सही संधि विच्छेद पहचानकर लिखना होगा)	1Q	1M	1M
25 .	उपसर्ग - (रेखांकित शब्द का सही उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखना होगा)	1Q	1M	1M
26 .	प्रत्यय - (रेखांकित शब्द का सही प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखना होगा)	1Q	1M	1M
27 .	मुहावरा - (मुहावरेदार वाक्य दिया जाएगा | वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे को विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा|)	1Q	1M	1M
28 .	लिंग - (निर्देश के अनुसार दिए गए वाक्य का बदला हुआ	1Q	1M	1M

	रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा।)			
29 .	वचन - (निर्देश के अनुसार दिए गए वाक्य का बदला हुआ रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा।)	1Q	1M	1M
30 .	काल - (निर्देश के अनुसार दिए गए वाक्य का बदला हुआ रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा।)	1Q	1M	1M
31 .	शुद्ध रूप - (दिए गए विकल्पों में से वाक्य का शुद्ध रूप पहचानकर लिखना होगा।	1Q	1M	1M

शैक्षिक योग्यता आधार भार - तालिका

क्रम संख्या	शैक्षिक योग्यता	अंक	प्रतिशत
1	जागरूकता	62	62 %
2	संवेदनशीलता	20	20 %
3	रचनात्मकता	18	18 %
कुल			

शैक्षिक योग्यता आधार भार - तालिका

क्र.सं.	**शैक्षिक मापदंड**	**कुल अंक**	**प्रतिशत**
1.	अर्थ ग्राह्यता	35 M	35 %
2.	अभिव्यक्ति	32 M	32 %
3.	सृजनात्मकता	18M	18%
4.	भाषा की बात	15 M	15 %
	कुल	**100**	**100%**

प्रश्नों के स्वरूप के अनुसार भार तालिका

क्र.सं.	प्रश्न का स्वरूप	प्रश्नों की संख्या	कुल अंक
1.	निबंधात्मक प्रश्न	5	34
2.	लघु उत्तरात्मक प्रश्न	4	16
3.	अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न	7	35
4.	लक्ष्यात्मक प्रश्न	15	15
	कुल	**31**	**100**

पाठ्य विषयों के आधार पर भार तालिका

क्र.सं.		लक्ष्यात्मक प्रश्न	लघु उत्तरात्मक प्रश्न	अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न	निबंधात्मक प्रश्न	कुल अंक
1.	पद्य भाग	5 (1)	3 (5)	1 (4)	1(8)	10 (32)
2.	गद्य भाग	8 (1)	3(5)	2 (4)	1(8)	14 (39)
3.	उपवाचक	-	1 (5)	1 (4)	-	2 (9)
4.	अन्य	2 (1)	-	-	3(6)	5 (20)
	कुल	**15 (15)**	**7 (35)**	**4 (16)**	**5 (34)**	**31 (100)**

प्रश्न पत्र के अनुरूप प्रश्नों की योजना

	बोध प्रश्न (जागरुक) 62				संवेदन शीलता 20		सृजनात्मकता 18	कुल (100 अंक)			
पाठ्यांश	निबंध	लघु	अति लघु	लक्ष्य	निबंध	लघु	निबंध	निबंध	लघु	अति लघु	लक्ष्य
पद्य भाग			1(5)	5 (1)	1(8)			8	4	5	-5
गद्य भाग		2(4)	1 (5)	8 (1)	1(8)	1(4)		-8	8	5	8
उपवाचक		1(4)	1 (5)	-				-	4	5	-
अपठित पद्य/ गद्य		-	-2(5)	2 (1)						10	2
भाषा की बात				1 (15)							
अन्य			2(5)				3(6)	18		10	
कुल		**3(12)**	**7(35)**	**1(15)**	**2(16)**	**1(4)**	**3(6)**	**34**	**16**	**35**	**15**

औसत कठिनाई के आधार पर भार तालिका

क्र.सं.	स्तर	अंक	प्रतिशत
1.	कठिन	20	20%
2.	औसत	50	50%
3.	सरल	30	30%
	कुल	**100**	**100%**

BLUE PRINT & MODEL PAPERS OF SSC PUBLIC EXAMINATIONS FOR THE ACADEMIC YEAR 2026-2027 BY THE DIRECTOR OF GOVERNMENT EXAMINATIONS (SSC BOARD), A.P.

09H -हिंदी (द्वितीय भाषा)

HINDI (SECOND LANGUAGE)

नमूना प्रश्न पत्र – 1 : 2026 -27

MODEL QUESTION PAPER - 1

Time : 3h.15min. **Maximum Marks : 100**

****

सूचनाएँ :

i) प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।

ii) सभी प्रश्नों के उत्तर,उत्तर -पुस्तिका में ही लिखिए।

iii) प्रश्नपत्र में कुल 6 भाग हैं।

****

भाग - I

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।

(प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के अनुच्छेद के पहला प्रश्न (अ) का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा। आ, इ, ई के प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा।)

1) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M

यान को देखते ही प्रो. दीपेश के होश उड गये और दौड़े दौड़े अपने कमरे में चले गये। उन्होंने अपने मित्र प्रो. विकास को फोन किया और अपने घर बुलाकर सारी बात बतायी कि शायद वह अंतरिक्ष यान दुबारा इस रास्ते से गुजरे। प्रो. विकास अगली शाम को प्रो. दीपेश के साथ उनके ही बाग में बैठकर प्रतीक्षा कर रहे थे। उनका इंतज़ार करना व्यर्थ नहीं गया।

प्रश्न

अ) दौड़े दौड़े अपने कमरे में कौन चले गये ? 2 M

आ) प्रो.विकास और प्रो.दीपेश कहाँ बैठे थे? 1 M

A) बाग में B) कमरे में C) छत पर D) सोफा पर

इ) प्रो. विकास और प्रो. दीपेष किसकी प्रतीक्षा कर रहे थे ? 1 M

A) रॉकेट की B) हवाई जहाज की C) अंतरिक्ष यान की D) रेल की

ई) यान को देखते ही किस के होश उड गये ? 1 M

A) प्रो.विकास B) प्रो.दीपेश C) प्रो.अमर D) प्रो.दीपक

2) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M

एक मनुज संचित करता है, अर्थ पाप के बल से,
और भोगता उसे दूसरा भाग्यवाद के छल से।
नर समाज का भाग्य एक है, वह श्रम, वह भुजबल है,
जिसके सम्मुख झुकी हुई पृथ्वी, विनीत नभ तल है।

प्रश्न

अ) मनुज क्या संचित करता है ? 2 M

आ) मनुज किसके बल से धन संचित करता है ? 1 M

A) भाग्य B) पुण्य C) यश D) पाप

इ) नर समाज का भाग्य क्या है ? 1 M

A) पाप और पुण्य B) श्रम और भुजबल C) आशा और निराशा D) सुख और दुख

ई) यह पद्यांश किस पाठ से दिया गया है ? 1 M

A) बरसते बादल B) हम भारतावासी C) कण कण का अधिकारी D) भक्ति पद

3) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M

शाम को अरुण चली गई । पंद्रह दिन बाद वह लौटी तो उसकी हालत काफी खराब हो रही थी । सूरत ऐसी निकल आयी थी कि मानो छह महीने से बीमार है । चित्रा उस समय गुरुजी के पास गई हुई थी। अरुण नहा धोकर , खा-पीकर लौटने लगी । तभी उसकी नज़र चित्रा के नए चित्रों की ओर गयी।तीन चित्र बने रखे थे। तीनों बाढ़ के चित्र थे जो दृश्य अपनी आंखों से देखकर आ रही थी । वैसे ही दृश्य यहां पर अंकित थे । उसका मन ना जाने कैसा - कैसा हो गया ।

प्रश्न :

अ) अरुणा कौन से दृश्य अपनी आंखों से देख कर आ रही थी ? 2 M

आ) अरुणा कितने दिनों बाद लौटी ? 1 M

A)पंद्रह B)दस C)पांच D)सात

इ) चित्रा किनके पास गई हुई थी? 1 M

A)माता जी B) गुरु जी

C)पिता जी D) भाई जी

ई)अरुण की नजर किसके चित्रों की ओर गई? 1 M

A)खुद की B)रवि वर्मा की C)चित्र की D)पिकासो की

4 . संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए। 5M

रहीम

i.जीवन काल1556 - 1626

ii.पिता बैरम खाँ

iii.संस्कृत, अरबी, फारसी

iv.रहीम सतसई, बरवै नायिका भेद

v.मित्र, प्रधान सेनापति और मंत्री सुमित्रानंदन पंत

(या)

i.प्रकृति के बेजोड़ कवि
ii.जन्म सन्1900
iii.ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित
iv.प्रमुख रचनाएं
v. निधन सन् 1977

5. निम्नलिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - **5M**

विष्णु प्रभाकर का जन्म सन् 1912 में हुआ।वह आदर्श प्रिय व्यक्ति थे।इन्हें प्रेमचंद परंपरा का आदर्शोन्मुख यथार्थवादी लेखक कहा जाता है।आवारा मसीहा नामक रचना पर इन्हें सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।भारत सरकार ने इन्हें पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया है।

प्रश्न

अ)विष्णु प्रभाकर का जन्म _____ में हुआ।

आ)विष्णु प्रभाकर_____ व्यक्ति थे।

इ) विष्णु प्रभाकर को प्रेमचंद परंपरा का _____लेखक कहा जाता है।

ई)आवारा मसीहा रचना पर इन्हे_____सम्मानित किया गया है।

उ)पद्म भूषण सम्मान से विष्णु प्रभाकर को _____सरकार ने सम्मानित किया।

<u>भाग -II</u>

II. निम्नलिखित अपठित पद्यांश , गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए |

6)निम्नलिखित अपठित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। **5M**

घिर आये हैं बादल काले
गरज रहे हैं बन मतवाले ।
खुश हो हो कर मोर कूकते
झूम-झूम के नाच दिखाते
रिमझिम रिमझिम पानी पडता
जन-जन का मन खूब फडकता ।

प्रश्न:

अ) बादल कैसे हैं ?

आ) बादल क्या कर रहे हैं ?

A) गरज B) चल C) खेल D) दौड

इ) खुशी से कौन कूकते हैं ?

A) नदियाँ B) मोर C) बादल D) कोयल

ई) पानी कैसे पडता है ?

A) चम-चम B) झम-झम C) रिमझिम रिमझिम D) टन-टन

7.निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए | 5 M

स्वामी विवेकानंद जी ने रामकृष्ण परमहंस जी से पूछा कि "क्या आप मुझे भगवान दिखा सकते हैं?" रामकृष्ण परमहंस जी ने जवाब दिया कि "मैं जरूर दिखाऊंगा"। इस घटना के बाद विवेकानंद जी रामकृष्ण परमहंस के शिष्य बन गए। वे कहते हैं कि युवा शक्ति ही देश की निजी संपत्ति है इसलिए युवाओं को सदैव जागरूक रहना चाहिए।

अ)परमहंस जी से विवेकानंद जी ने क्या पूछा ? 2 M

आ)अनुच्छेद के अनुरूप वाक्य का सही क्रम पहचानिए । 1 M

युवाओं को सदैव जागरूक रहना चाहिए।	जागरूक युवाओं को सदैव रहना चाहिए।	सदैव युवाओं को जागरूक रहना चाहिए।

इ) अनुच्छेद में दिया गया " " यह चिन्ह किसको सूचित करता है ? 1M

योजक	उद्धरण	अल्पविराम

ई)युवा शक्ति ही देश की निजी संपत्ति है।(सही प्रश्न वाचक रूप पहचान कर लिखिए ।) 1 M

देश की संपत्ति निजी क्या है?	देश की युवा शक्ति निजी संपत्ति क्या है?	देश के निजी संपत्ति कौन है?

भाग -III

III. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए। 4X4=16 M

अ)कनक – कनक तैं सौ ----- इहिं पाए बौराइ ॥ (दोहे की पूर्ति कीजिए।)

(या)

आ) मेघ बिजली और बूंद का वर्णन कविता में कैसे किया गया है ?

9. अ)हामिद चिमटा क्यों खरीदना चाहता था?

(या)

आ)हिंदी रोजगार का साधन है कैसे, और इससे कौन-कौन से रोजगार प्राप्त किए जा सकते हैं?

10. अ)लक्ष्मीबाई तात्या से क्यों नाराज थी ? तात्या ने उन्हें क्या आश्वासन दिया ?

(या)

आ)सूर्योदय के समय प्रकृति के सुंदर दृश्य को देखकर आपके मन में कौन सी भावनाएं जागृत होती हैं ? अपने विचार व्यक्त कीजिए ?

11. अ)नेल्सन मंडेला के जीवन से हमें कौन सा संदेश मिलता है ?

(या)

आ)राजू को पुराना स्कूल कैसा लगा ?

भाग - IV

IV. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।

12 . किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए। 1x8=8 M

अ)कवि के अनुसार दुनिया को स्वर्ग बनाने के लिए भारतवासी क्या-क्या कर सकते हैं ? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(या)

आ) रैदास की भक्ति भावना पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए ?

13 . किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए। 1x8=8 M

अ) अ) लोकगीतों में ग्रामीण जनता की मार्मिक भावनाएँ होती हैं। लोकगीत पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए ।

(या)

आ)अब्दुल कलाम को आदर्श मानने से विद्यार्थियों में कौन-कौन से सकारात्मक गुण विकसित हो सकते हैं ?

भाग - V

V. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।

14 . किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। 1x6=6 M

अ) अजय अपने भाई के विवाह में शामिल होने विजयवाड़ा जाना चाहता है ।तथ्य को आधार बनाकर प्रधान अध्यापक के नाम पत्र लिखिए।

(या)

आ) जन्मदिन मनाने के लिए पैसे मांगते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

15 . किसी एक विषय पर 6 वाक्यों में निबंध लिखिए। **1X6=6 M**

अ) जल संरक्षण आ) दैनिक जीवन में विज्ञान का महत्व

16 . मेरे प्रिय हिंदी लेखक / कवि **1X6 =6 M**

लेखक / कवि का नाम
लेखक / कवि का जन्म
साहित्य का रूप (विधा)
प्रसिद्ध रचना / रचनाएँ
विशेषताएँ / पुरस्कार (सम्मान)
प्रिय होने के कारण

भाग - VI (भाषा की बात)

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। **15X1=15M**

17 . बड़ों की किरपा हम पर हो। (रेखांकित शब्द का तत्समरूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

कृपा	क्रिपा	क्रुपा

18 . हम जीवन ज्योत जलाएंगे।(वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

जीवन ज्योत	हम	जलाएंगे

19 . उन्नीस सौ- (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए |)

1800	1900	1700

20 . मोहसिन _____ पास पंद्रह पैसे हैं । (सही कारक चिह्न विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

का	से	के

21 . वास्तविक लोकगीत देश के देहातों में हैं। (रेखांकित शब्द का सही पर्याय विकल्पों में से पहचानकर लिखिए |)

देह	गांव	शहर

22 . हिंदी का स्थान महत्वपूर्ण है। (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए|)

अमहत्वपूर्ण	महत्वहीन	समहत्वपूर्ण

23 . भारत में 50% से भी अधिक युवाशक्ति है। (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए |)

द्वंद समास	द्विगु समास	तत्पुरुष समास

24 . गोदावरी नदी के पाट अत्यंत विशाल है। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

अति + अंत	अत्य + अंत	अ + त्यंत

25 . निराशा प्रगति की ओर अग्रसर नहीं होने देती। (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

निरा	नि	निर्

26 . दोहों के द्वारा नैतिक गुणों का विकास होता है। (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

इक	नैति	तिक

27 . हम यहां तबाही मचाने नहीं आए हैं। (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरा शब्द पहचानिए)|

हम यहां	तबाही मचाना	नहीं आए

28 . भक्त भगवान की आराधना करता है। (वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

भक्तिन भगवान की आराधना करती है।	भक्ताइन भगवान की आराधना करती है।	भक्तनी भगवान की आराधना करती है।

29 . गोदावरी की नहर पूर्व की ओर बहती है। (वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

गोदावरी की नहरे पूर्व की ओर बहता है।	गोदावरी की नहरों पूर्व की ओर बहती हैं।	गोदावरी की नहरें पूर्व की ओर बहती हैं।

30 . मनु ने खूब मेहनत की। (वाक्य का भविष्यत काल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

मनु ने खूब मेहनत करूंगा।	मनु खूब मेहनत करेगा।	मनु खूब मेहनत किया।

31 . नीरजा मंदिर जाता हो। (वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए |)

नीरजा मंदिर जाती है।	नीरजा मंदिर जा रहा हो।	नीरजा मंदिर को जा रहा हो।

पाठ्यांशवार भार तालिका

	पाठ का नाम	निबंधात्मक प्रश्न			लघु उत्तरात्मक प्रश्न	अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न		लक्ष्यात्मक प्रश्न	कुल
		सारांश	पत्र	निबंध	प्रश्न 4M	अनुच्छेद	कवि / लेखक	भाषा की बात	
पद्य	बरसते बादल				1(4)		1(5)	1(1)	10
	हम भारतवासी	1(8)						1(1)	9
	कण-कण का अधिकारी					1(5)		1(1)	6
	भक्ति पद	1(8)						1(1)	9
	नीति दोहे				1(4)		1(5)	1(1)	10
गद्य	ईदगाह				1(4)			1(1)	5
	लोकगीत	1(8)						1(1)	9
	अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी				1(4)			1(1)	5
	स्वराज्य की नींव				1(4)		1(5)	1(1)	10
	दक्षिणी गंगा गोदावरी				1(4)			2(1)	6
	जल ही जीवन है					1(5)		1(1)	6
	धरती के सवाल - अंतरिक्ष के जवाब	1(8)						1(1)	9
उपवाचक	शांति की राह में				1(4)				4
	दो कलाकार					1(5)			5
	अपने स्कूल को एक उपहार				1(4)				4
	अनोखा उपाय								

अन्य	पत्र		1(6)						6
	निबंध			1(6)					6
						2(5)	1(6)	2(1)	12
कुल		2(8)	1(6)	1(6)	4(4)	5(5)	2(5) 1(6)	15(1)	31(100)

BLUE PRINT & MODEL PAPERS OF SSC PUBLIC EXAMINATIONS FOR THE ACADEMIC YEAR 2026-2027 BY THE DIRECTOR OF GOVERNMENT EXAMINATIONS (SSC BOARD), A.P.

09H-हिंदी (द्वितीय भाषा)

HINDI (SECOND LANGUAGE)

नमूना प्रश्न पत्र - 2 : 2026 -27

MODEL QUESTION PAPER - 2

Time : 3h.15min. **Maximum Marks : 100**

****

सूचनाएँ :

i) प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।
ii) सभी प्रश्नों के उत्तर,उत्तर -पुस्तिका में ही लिखिए।
iii) प्रश्नपत्र में कुल पाँच भाग हैं।
iv) भाग II ,III ,और IV में आतंरिक विकल्प हैं।

****

भाग - I

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।

(प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के अनुच्छेद के पहला प्रश्न (अ) का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा। आ, इ, ई के प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा।)

1) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M

आसमान में बादल घिरे रहने से सूरज की धूप का कहीं नामोनिशान तक न था। बादलों का रंग साँवला होने के कारण गोदावरी के धूलि - धूसरित मटमैले जल की झाँई और भी गहरी हो रही थी। पहाड़ों पर कुछ उतरे हुए धौले-धौले बादल तो बिल्कुल ऋषि मुनियों जैसे लगते थे।

प्रश्न :

अ .लेखक ने इस पाठ में किस नदी की महानता का वर्णन किया ? 2M

आ . बादल कहाँ घिरे हैं? 1M

A) आसमान में B) धूप में C) बादलों में D)गोदावरी में

इ . धौले -धौले बादल कैसे लगते थे ? 1M

A) धौले B) पहाड़ C) ऋषि मुनि D) सूरज

ई . उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से दिया गया है? 1M

A) ईदगाह B) दक्षिणी गंगा गोदावरी C) लोकगीत D) नीति दोहे

2) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। **5M**

ऊँच नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बसायेंगे।
नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेंगे।
हम निराशा दूर भगाकर, फिर विश्वास जगायेंगे।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ॥

प्रश्न

अ) भारतवासी दिल में प्यार कैसे बसायेंगे?
आ) भारतवासी किसको पावन धाम बनायेंगे ?
A) भारत को B) आंध्रा को C) धरती को D) दुनिया को
इ) विश्वास जगाने के लिए क्या भगाना चाहिए ?
A) नफरत B) निराशा C) प्यार D) आशा
ई) यह पद्यांश किस कविता पाठ से लिया गया है ?
A) हम भारतवासी B) कण कण का अधिकारी C) भक्ति पद D) बरसते बादल

3) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए।

5M

राज्य में पशुओं का चारा भी मिलना मुश्किल हो गया । कई किसान अपनेअपने पालतू जानवर सस्ते दामों पर बेचने लगे । ऐसी हालत में राज भंडार का अनाज प्रजा में बांट दिया जाने लगा ।अड़ोस पड़ोस के राज्यों से अनाज उधार लिया जाने लगा । फिर भी राजा को भविष्य की चिंता सता रही थी ।

प्रश्न :

अ) किसान सस्ते दामों पर क्या बेचने लगे? 2M
आ) राज्य में क्या मिलना मुश्किल हो गया ? 1M
A) पशुओं का चारा B) पक्षियों का दाना C) फल D) तरकारिया
इ) अड़ोस-पड़ोस के राज्यों से क्या उधार लिया जाने लगा? 1M
A) अनाज B) पैसा C) गाड़ी D) धैर्य
ई) राजा को किसकी चिंता सता रही थी? 1M
A) भविष्य की B) वर्तमान की C) भूतकाल की D) राज भवन की

4 . संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए। 5M

अ) बिहारी :

i) रीतिकाल के कवि
ii) पिता केशवदास
iii) गुरु नरहरिदास
iv) रचना - सतसई (सप्तशती)
v) गागर में सागर भरना

(या)

आ) श्री आर.पी. निशंक

i.जन्म 15 जुलाई सन् 1959
ii.मातृभूमि के लिए
iii.आधुनिक हिंदी साहित्यकार
ivदेशभक्ति
v.समर्पण, नवंकुर, मुझे विधाता बनना है

5. निम्नलिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए 5M

श्री प्रकाश हिंदी के जाने-माने लेखक है | श्रीप्रकाश का जन्म 3 अगस्त 1890 में हुआ। इन्होंने विज्ञान विषय संबंधी ढेर सारे निबंध लिखे हैं | इनके निबंध विचारोत्तेजक हैं | प्रस्तुत रचना संचार माध्यम के लिए विज्ञान नामक पुस्तक से ली गई है |

प्रश्न :

अ. _____हिंदी के जाने-माने लेखक हैं |
आ. श्री प्रकाश ने _____संबंधी ढेर सारे निबंध लिखे हैं |
इ. श्री प्रकाश के निबंध _____हैं |
ई. प्रस्तुत रचना _____नामक पुस्तक से ली गई है |
उ. श्रीप्रकाश का जन्म _____ में हुआ।

भाग -||

II. निम्नलिखित अपठित पद्यांश , गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए |

6)निम्नलिखित अपठित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। **5M**

कोशिश करने वालों की हार नहीं होती,
लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती ।
नन्ही चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर ,सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है।

प्रश्न:

अ. हार किनकी नहीं होती ?

आ. नौका किससे नहीं डरती?

A) लहरों से B) फिसलने से C) चींटी से D) कोशिश से

इ. चींटी क्या लेकर चलती है ?

A) हार B) दीवार C) दाना D) कोशिश

ई.चींटी किस पर बार-बार चढ़कर फिसलती है?

A) दीवारों पर B) नौका पर C) लहरों पर D) पेड़ पर

7.निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए |

सामने के फुटपाथ पर खड़े एक आदमी ने दियासलाई की तीली से कान खुजलाते हुए कहा,"अरे , इन लोगों का क्या है? ये कमीने लोग रोटी के टुकड़े पर जान देते हैं । इनके लिए बेटा - बेटी , खसम - लुगाई , धर्म - ईमान सब रोटी का टुकड़ा है।"

अ) फुटपाथ पर खड़ा आदमी किससे कान खुजला रहा था ? 2M

आ) अनुच्छेद के अनुरूप वाक्य का सही क्रम पहचानिए। | 1M

रोटी के टुकड़े पर लोग जान देते हैं ।	लोग रोटी के टुकड़े पर जान देते हैं ।	टुकड़े पर जान लोग रोटी के देते हैं ।

इ) अनुच्छेद में दिया गया – यह चिह्न किसको सूचित करता है? 1M

पूर्ण विराम	अल्पविराम	योजक

ई) ये कमीने लोग रोटी के टुकड़े पर जान देते हैं। (सही प्रश्न वाचक रूप पहचान कर लिखिए।) 1M

ये कमीने लोग किस पर जान देते हैं ?	ये कमीने लोग कहाँ जान देते हैं ?	ये कमीने लोग क्यूँ जान देते हैं ?

भाग - III

III. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए। **4x4 =16M**

8) अ) रहिमन पानी - - - - - मानुष चून।। (दोहे की पूर्ति कीजिए।)

(या)

आ) कवी के अनुसार कण कण का अधिकारी कौन है और क्यों ?

9) अ) अल्ल्हा लोकगीत के बारे में आप क्या जानते हैं?

(या)

आ) हिंदी विश्वभाषा है। इस कथन पर संक्षिप्त में अपने विचार लिखिए?

10) अ) चेन्नई से राजमहेंद्री जाते समय लेखक की भावनाएं कैसी थीं?

(या)

आ) जल स्त्रोतों के रख -रखाव के बारे में आपके सुझाव प्रस्तुत कीजिए |

11) अ) शांति की परिभाषा क्या हो सकती है ? अपने शब्दों में लिखिए?

(या)

आ) राजू के प्रति नए स्कूल के साथियों का व्यवहार कैसा था?

भाग - IV

IV. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।

12 . किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए। **1x8 =8M**

अ) पंत जी ने वर्षा के समय प्रकृति की छटा का सुन्दर वर्णन किया है। कविता के आधार पर अपने विचार स्पष्ट कीजिये ?

(या)

आ) मीरा की भक्ति भावना कैसी थी? अपने शब्दों में लिखिए।

13 . किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए। **1x8 =8 M**

अ) प्रेमचंद जी ने अपनी कहनी में बाल्यावस्था की निर्मल भावनाओं का सुन्दर चित्रण किया है। कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिये?

(या)

आ) स्वराज्य की इमारत केवल त्याग, बलिदान और नींव के पत्थरों (संघर्षों) पर ही खड़ी हो सकती है। श्री विष्णु प्रभाकर द्वारा रचित एकांकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

भाग - V

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।

14 . किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। **1x6 = 6M**

अ) लक्ष्मी विजयवाड़ा में रहती है | वह अपनी माँ से मिलने हैदराबाद जाना चाहती है | तथ्य को आधार बनाकर प्रधानध्यापक के नाम पत्र लिखिए |

(या)

आ) किसी ऐतिहासिक स्थान का वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम पर पत्र लिखिए।

दिए गए प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए |

15 . किसी एक विषय पर 6 वाक्यों में निबंध लिखिए। **1x6 = 6 M**

अ) वैश्विक ताप वृद्धि आ) कृत्रिम बुद्धिमत्ता

16 . मेरे प्रिय हिंदी लेखक / कवि 1x6= 6 M

लेखक / कवि का नाम
लेखक / कवि का जन्म
साहित्य का रूप (विधा)
प्रसिद्ध रचना / रचनाएँ
विशेषताएँ / पुरस्कार (सम्मान)
प्रिय होने के कारण

भाग - VI (भाषा की बात)

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। 15 x1= 15M

17 . वर्षा ऋतु में मोर नाचता है। (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

मोरे	मयूर	मोरा

18 . भगवान् श्रीकृष्ण ने मीरा को भक्ति रूपी अमूल्य संपत्ति दी। (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

श्रीकृष्ण	मीरा	दी

19 . अठारह सौ छियासी - (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए

1887	1868	1886

20 . लोकगीतों _____ अपना महत्त्व है। (सही कारक चिह्न विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

का	से	में

21 . हिंदी भाषा सीखने से नये-नये रोजगार मिलते हैं | (रेखांकित शब्द का सही पर्याय विकल्पों में से पहचानकर लिखिए |)

जीविका	बेरोजगार	कार्य

22 . एक मनुष्य भाग्यवाद के छल से भोगता है | (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए|)

कपट	बुराई	निष्कपट

23 . भारतवासी दुनिया को पावनधाम बनाएंगे। (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए |)

द्वंद समास	द्विगु समास	तत्पुरुष समास

24 . अब्दुल कलाम एक निर्धन बालक है। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

निर + धन	निः + धन	नीर +धन

25 . काका कालेलकर गोदावरी नदी की सुपरंपरा के बारे में वर्णन किया। (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

सुप	सु	परा

26 . हिंदी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोभित है। (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

ईय	इया	अंतर

27 . महारानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों को मौत के घाट उतार दिया| (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरा शब्द पहचानिए)|

महारानी	लक्ष्मबाई	मौत के घाट उतारना

28 . सेनानायक आ रहा है। (वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

सेना नायका आ रही है।	सेना नायिका आ रही है।	सेना नायको आ रही है ।

29 . टेसी थॉमस को एक पुरस्कार मिला | (वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

टेसी थॉमस को अनेक पुरस्कार मिले		टेसी थॉमस को कुछ पुरस्कार मिला	टेसी थॉमस को एक पुरस्कार मिले	

30 . गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। (वाक्य का भविष्यत काल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया था।	गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।	गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया	

31 . मुन्ना उसके भाई के साथ घर जा रहा है। (वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।

मुन्ना अपने भाई के साथ घर जा रहो है।	मुन्ना अपने भाई के साथ घर जा रहा हूँ।	मुन्ना अपने भाई के साथ घर जा रहा है।

पाठ्यांशवार भार तालिका

	पाठ का नाम	निबंधात्मक प्रश्न			लघु उत्तरात्मक प्रश्न	अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न		लक्ष्यात्मक प्रश्न	कुल
		सारांश	पत्र	निबंध	प्रश्न 4M	अनुच्छेद	कवि / लेखक	भाषा की बात	
पद्य	बरसते बादल	1(8)						1(1)	9
	हम भारतवासी					1(5)	1(5)	1(1)	11
	कण-कण का अधिकारी				1(4)			1(1)	5
	भक्ति पद	1(8)						1(1)	9
	नीति दोहे				1(4)		1(5)	1(1)	10
गद्य	ईदगाह	1(8)						1(1)	9
	लोकगीत				1(4)			1(1)	5
	अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी				1(4)			1(1)	5
	स्वराज्य की नींव	1(8)						2(1)	10
	दक्षिणी गंगा गोदावरी				1(4)	1(5)		1(1)	10
	जल ही जीवन है				1(4)		1(5)	1(1)	10
	धरती के सवाल - अंतरिक्ष के जवाब							1(1)	1
उपवाचक	शांति की राह में				1(4)				4
	दो कलाकार								
	अपने स्कूल को एक उपहार				1(4)				4
	अनोखा उपाय					1(5)			5

अन्य	पत्र		1(6)						6
	निबंध			1(6)			1(6)		12
						2(5)		2(1)	12
कुल		2(8)	1(6)	1(6)	4(4)	5(5)	2(5) 1(6)	15(1)	31(100)